# देवशयनी एकादशी से शुरू हुआ चातुर्मास, नगर भ्रमण पर निकले भगवान विट्ठल

**भौंरासा। साधना संयम जप, तप और भगवान विष्णु की आराधना का सबसे पवित्र काल चातुर्मास आषाढ़ शुक्ल पक्ष की देवशयनी ( हरिशयनी ) एकादशी से प्रारंभ होगा भगवान विष्णु इस समय क्षीरसागर में योगनिद्रा में रहेंगे नगर पुरोहित संजय जोशी ने बताया कि इस वर्ष 25 जुलाई 2026 को देवशयनी एकादशी के साथ चातुर्मास का शुभारंभ होगा जबकि 20 नवंबर 2026 को देवउठनी ( प्रबोधिनी ) एकादशी पर भगवान विष्णु के जागरण के साथ इसका समापन होगा इससे चार माह मांगलिक कार्यों पर रोक लगी रहेगी**

20 नवंबर से विवाह सहित अन्य मांगलिक कार्य पून प्रारंभ होंगे चातुर्मास का प्रारंभ शुभ योग में हो रहा है धार्मिक दृष्टि से यह समय भगवान विष्णु की आराधना के साथ-साथ भगवान शिव की उपासना के लिए भी अत्यंत फल दाई माना गया है, वहीं इसी कड़ी में आज नगर में छोटे हनुमान चौक में स्थित भगवान श्री विट्ठल अपने मंदिर से बाहर सिंहासन में सवार होकर पूरे नगर में नगर भ्रमण पर निकले यहां पिछली कई पीढ़ी दर पीढ़ी महाराष्ट्रीयन बंड परिवार के भालचंद्र बंड, अजय बंड, विजय बंड, सचिन बंड, संदीप बंड, विकास बंड, हेमंत बंड, स्वप्निल बंड, बंटी बंड, राहुल



बंडद्वारा भगवान श्री विट्ठल के मंदिर मे पूजा की जाती है वही आज के दिन भगवान श्री विट्ठल को सिंहासन में बेठाकर नगर भ्रमण पर निकाला जाता है जो नगर की सीमाओं से लगी काकड, काकड, होते हुए प्रभात फेरी निकाली जाती है जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु बच्चे एवं महिला शामिल होते हैं नगर वासी इस यात्रा का जगह-जगह पूजन पाठ कर फरियाली वितरण करते हैं इसी कड़ी में बाबा भवरनाथ जी मंदिर प्रांगण में नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्याय जय सिंह राणा, भगवान सिंह कामदार, पटेल यशवंत सिंह राजपूत, पार्षद सचिन यादव, छोटू लाल लोधी, सुरेश मालवीय, आराम सिंह कुमावत, मुकेश कुमावत, रमेश



हेड़ा, नीरज ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, छोटू माली, राजेश लोधी, अजय यादव, धर्मेंद्र राठौर, नकुल अग्रवाल, के द्वारा पूजा अर्चना की गई वही नगर परिषद उपाध्यक्ष जय सिंह राणा मित्र मंडल के द्वारा दो कुंटल खिचड़ी केले व चाय का वितरण किया गया इसी तरह शक्ति माता मंदिर प्रांगण में जेएमडी ग्रुप शक्ति माता समिति के द्वारा भी दो कुंटल खिचड़ी का वितरण किया गया इस अवसर पर पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राजेंद्र यादव, रघुवीर ठाकुर, कन्हैया लाल खाटवा, अश्विन जायसवाल, विजय दरबार, केदार यादव, देवी सिंह यादव, जीवन यादव, आदि लोग मौजूद रहे, वहीं खेड़े पर बाबा रामदेव समिति द्वारा केले का वितरण किया गया वही बस स्टैंड पर लोधी समाज के द्वारा भी केले का वितरण किया गया इसी तरह नगर में जगह-जगह कई

समितियो द्वारा भी अन्य तरह के वितरण किए गए यह यात्रा सुबह 11:00 बजे शुरू हुई जो पूरे नगर का भ्रमण करते हुए शाम 5:00 बजे श्री विट्ठल मंदिर पहुंची जहां पर आरती प्रसादी वितरण कर यात्रा का समापन हुआ।

## एक नजर में

### देवशयनी एकादशी पर किया पौधा रोपण



**देवास।** प्रज्ञा मंडल मिश्रीलाल नगर देवास ने आज देवशयनी एकादशी को पीपल का पांच फिट का पीपल का पोधा लगाया साथ ही सुरक्षा के लिए बाउंड्री वॉल होने के साथ ही टी गार्ड लगाया। प्रज्ञा मंडल के अरुण कुमार शैव्य, देवीशंकर तिवारी, अरविन्द शर्मा, साधना तिवारी, रामप्रसाद मडोरिया आदि सदस्य ने पोधा रोपण करते कहा कि प्रज्ञा मंडल द्वारा एक माह तक गायत्री मंत्र की मोन साधना एवं नियमित गीता पाठ के पश्चात आज देवशयनी एकादशी के अवसर पर सबसे अधिक आक्सीजन प्रदान करने वाला औषधीय पौधा गायत्री मंत्र के साथ पूजन करने के बाद रोपा गया इसके पोषण की जवाबदारी भी प्रज्ञा मंडल के सदस्यों ने ली है।

### राष्ट्रीय सैनिक संस्था द्वारा सयाजी द्वार पर मनाया जाएगा कारगिल विजय दिवस


**देवास।** राष्ट्रीय सैनिक संस्था के प्रदेश उपाध्यक्ष मदनसिंह राठौर ने बताया कि राष्ट्रीय सैनिक संस्था प्रदेश इकाई द्वारा आज 26 जुलाई को सयाजी द्वार पर सुबह 10 बजे कारगिल विजय दिवस मनाया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने की अपील देवास जिलाध्यक्ष सूबेदार नर्वेसिंह सोलंकी, युवा विंग प्रदेश अध्यक्ष विशाल मेहता ( पूर्व सैनिक ), उपाध्यक्ष जीतू रघुवंशी, महिला विंग प्रदेश अध्यक्ष आरती जायसवाल, देवास जिलाध्यक्ष रानीसिंह, शहर अध्यक्ष नंदन दुबे, राहुल प्रजापति, कपिल पटेल आदि ने की। विशेष तौर पर राष्ट्रीय सैनिक संस्था के प्रदेश जनरल सेकेट्री पंडित मनोज मिश्रा( देश भक्त ) ने आव्हान किया है कि देश की अखंडता को मजबूत करने के लिए अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कारगिल दिवस को उत्साह पूर्वक मनाए।

### शनिवार को भी हटाये अस्थाई अतिक्रमण



**देवास।** निगम व यातायात पुलिस प्रशासन के द्वारा संयुक्त रूप से निरंतर की जा रही अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में शनिवार 25 जुलाई को भी शहर के प्रमुख मार्गो से अस्थाई अतिक्रमण हटाये जाने की कार्रवाई की गई। शहर के व्यस्ततम मार्गो से आवागमन सुगम करने के लिए व्यवसायकों द्वारा सडकों पर अस्थाई अतिक्रमण कर व्यवसाय किया जा रहा है जिससे आवागमन बाधित हो रहा है ऐसे सभी प्रमुख मार्गो से अस्थाई अतिक्रमण हटाये जाने की कार्रवाई की जा रही है। निगमायुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में एबी रोड के साथ साथ शहर के प्रमुख एवं व्यवसाईक क्षेत्रों से अस्थाई अतिक्रमण हटाने के साथ ही आवागमन को सुगम एवं सूचारू रूप से करने के लिए निगम की टीम को निरंतर अस्थाई अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई की गई। निगम व यातायात पुलिस के द्वारा शनिवार को पीठा रोड एवं सुपर मार्केट के आसपास के क्षेत्रों से अस्थाई अतिक्रमण हटाये जाने की कार्रवाई की गई। अस्थाई अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वाले व्यवसायकों को स्वंय अपने अतिक्रमण हटाने के लिए निगम द्वारा अलाउंसमेंट सूचना के साथ अपील भी की जा रही है।

### स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन



**बागली।** सेवाकुंज हॉस्पिटल, इंदौर द्वारा एक नर्मदा मंदिर पिपरी में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया उक्त शिविर में अनुभवी चिकित्सकों की टीम द्वारा ग्रामीण क्षेत्रो से आये मरीजो का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान जिन मरीजों को आगे के उपचार की आवश्यकता पाई गई, उन्हें सेवाकुंज हॉस्पिटल, इंदौर में नि:शुल्क उपचार उपलब्ध कराने हेतु नि:शुल्क बस सुविधा के माध्यम से इंदौर भेजने की व्यवस्था की गई ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य ग्रामीण एवं जरूरतमंद लोगों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना तथा गंभीर रोगों की समय पर पहचान कर उचित उपचार उपलब्ध करवानाहै यहां आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया और आयोजन की सराहना की। इस अवसर पर शिविर में आये डॉ. नितिन राठौर तथा डॉ. रवि पंवार (एम.डी. मेडिसिन) सहित चिकित्सकों एवं सहयोगी टीम की सक्रिय सहभागिता रही। भविष्य में भी ग्रामीण क्षेत्रों में इसी प्रकार के नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का कार्य किया जायेगा सिविर लगवाने में गिरधर गुप्ता सतीश अग्रवाल लोकेश जैन सुरेंद्र मिश्रा का सराहनीय सहयोग रहा.

# पिपरी से पोटला को जोड़ने वाले मार्ग पर बड़ा पुल बनाने की मांग

**बागली। बागली विकासखंड के अंतिम छोर पर ग्राम पंचायत पिपरी से ग्राम पंचायत पोटला के बीच पुरणी नदी पर करीब 15वर्ष पूर्व बना टंकी वाला कमजोर एवं बेहद निचा पुल अब क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी समस्या बन गया है। बारिश के दिनों में इस छोटी पुलीया में कचरा और बहाव का मलबा फंस जाने से नदी का पानी रुक जाता है। और थोड़ी सी वर्षा पर इस पुलीया पर बार-बार बाढ़ जैसी स्थिति बन जाती है। इससे कई बार आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है।**

प्रभावित ग्रामीणों का कहना है कि पुल खतरनाक घुमावदार मोड़ पर बना है। पुल दोनों और से घाटियों में



बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। जिससे विशेषकर पोटला की ओर से आने वाले दोपहिया और चार पहिया वाहनों का संतुलन बिगड़ जाता है। यहां कई सड़क दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में पोटला, कावड़िया पहाड़ और आसपास के गांवों के विद्यार्थी किसान एवं मरिज पिपरी तथा उदय नगर स्कूल-कॉलेज अस्पताल सोसाइटी आने-जाने के लिए इस खतरनाक मार्ग का उपयोग करते हैं। बारिश के समय पुल पर पानी आने या मार्ग बाधित होने से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होती है। कई बार मरीज भी अपना इलाज नहीं करवा पाए और उन्हें समय पर विद्यालय एवं अस्पतालपहुंचने में परेशानी का सामना करने के साथ लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है। वहीं व्यापारी, किसान, दूध उत्पादक, मजदूर और छोटे व्यवसायी भी इसी मार्ग से पिपरी एवं उदय नगर के बाजारों तक पहुंचते हैं। पुलीय पर लंबे समय तक पानी रहने की वजह से यहां आवागमन बंद होने या जाम लगने से व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित होती हैं। तथा लोगों को कई क्लिोमीटर का लंबा चक्कर लगाना पड़ता है। जिससे समय और आर्थिक नुकसान दोनों उठाना पड़ता है प्रभावित ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि वर्तमान में टंकी वाले पुल के स्थान पर दोनों घाटियों को सीधे जोड़ने वाला चौड़ा एवं पिलर आधारित पुल बनाया जाए, ताकि बारिश के दौरान कचरा जमा होने की समस्या समाप्त हो और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित हो सके।



# मालवा मिल झांकी निर्माण स्थल का पूजन

**इंदौर.** मालवा मिल श्री गणेशोत्सव समिति के अंतर्गत इस वर्ष की गणेशोत्सव झांकी के निर्माण कार्य का शुभारंभ पारंपरिक विधि-विधान और पूजन के साथ किया गया. ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष योगेंद्र महन्त, समाजसेवी मदन परमालिया और पूर्व पार्षद रमेश उत्पाद के मुख्य आतिथ्य में यह पूजन संपन्न हुआ. समिति के अध्यक्ष कैलाश कुशवाह और कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि इस पावन अवसर पर मिल मैनेजमेंट से जे.एम. सिकरवार, विनोद जैन, और मधुरम स्वीट्स के गोपाल शर्मा सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. पूजन का कार्यक्रम पंडित सुरेन्द्र शर्मा द्वारा संपन्न कराया गया. इस दौरान गणेशोत्सव समिति के प्रधानमंत्री राजेन्द्र मरमट, संतोष वर्मा, समाज सेवी देवीलाल गुर्जर, विजय जाधव, राजेश गुर्जर, और संजयसिंह भदौरिया आदि ने भी झांकी स्थल पर पूजा-अर्चना में भाग लिया.

# छात्र पढ़ाई पर ध्यान दें वह देश का भविष्य है, इसलिए धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा हुआ : गोस्वामी

**बागली। शनिवार को दिल्ली के जंतर मंतर पर हो रहे कॉकरोच जनता पार्टी के आंदोलन का विराम हो गया उनकी सभी मांगे वर्तमान सरकार द्वारा मान ली गई प्रमुख मांग में शामिल शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा रहा उक्त जानकारी भारतीय जनता पार्टी जिला मंत्री शोभा गोस्वामी ने देते हुए बताया कि यह इस्तीफा छात्र-छात्राओं के बेहतर भविष्य को देखते हुए दिया गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ ही शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का मानना है।**

कि बच्चे देश का भविष्य है और यह बेवजह किसी अन्य लोगों की राजनीति का शिकार ना हो यह बच्चे अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें साथ ही शिक्षा



व्यवस्था में भी कुछ सुधार किए जाएंगे इस बात का आश्वासन दिया गया बागली में कई छात्र छात्राओं ने इस वर्ष दूसरी बार में आयोजित नीट की परीक्षा में अच्छे अंक लाकर अपने-अपने शैक्षणिक कॉलेज की खोंज शुरू कर दी है उन बच्चों ने भी बताया कि माता-पिता बड़ी लगन के साथ नीट की परीक्षा दिलवाते हैं। और परीक्षा पास होने के बाद आगामी 5 वर्षों के बड़े खर्च की व्यवस्था भी करते हैं ऐसे में बच्चे किसी के खाने में अपना भविष्य बर्बाद नहीं करें यही उचित है। भारतीय जनता पार्टी जिला महामंत्री राजेश यादव ने युवा छात्र-छात्राओं से अपील की है। कि वह अपनी पढ़ाई पूरी करें और देश को आगे ले जाने में डॉक्टर बनकर वैज्ञानिक बनकर या अन्य अधिकारी बनकर अपना योगदान दे यही सोच शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान जी की भी रही। दिल्ली में चल रहे छात्र आंदोलन का सार्थक हल निकालने पर वरिष्ठ अधिवक्ता प्रवीण चौधरी सूर्य प्रकाश गुप्ता नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव पत्रकार मुकेश गुप्ता सुनील योगी मुकेश गोस्वामी ख़ुशी जाहिर करते हुए छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की

# विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति अभियान की शपथ ली

**देवास।** समीपस्थ ग्राम राजोदा में शासकीय हाई स्कूल विद्यालय में थाना नाहर दरवाजा देवास एवं मॉय भारत संगठन के संयुक्त सहभागिता से नशे से दूरी है जरूरी जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को नशे से बचकर रहने की शपथ एवं नारा लेखन, स्लोगन लेखन, निबंध प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच सत्यनारायण चौधरी रहें। विशेष अतिथि एस.आई. राबिनसिंह राजावत, मॉय भारत के हेमन्त देवड़ा, शगुन सरगरा, प्राधिकृत अधिकारी संतोष बारोलिया, पोस्ट मास्टर विजेन्द्रसिंह ठाकुर रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता हाई स्कूल प्राचार्या सुनीता खाबिया ने की। अतिथि वक्ताओं ने नशे से बचकर रहने एवं समाज में नशे के दुष्परिणाम आदि पर विचार व्यक्त किए।




विद्यार्थियों ने नारा लेखन, स्लोगन लेखन, निबंध प्रतियोगिताओं में भाग लिया। एस.आई. राबिन सिंह ने सभी को नशे से दूरी है जरूरी की शपथ दिलाई और साइबर फ्रॉड एवं डिजिटल अरेस्ट को विस्तार से समझा कर बचाव के तरीके बताएं। इस अवसर पर सचिव मोहम्मद पटेल, प्राधिकृत अधिकारी संतोष बारोलिया, वंदना व्यास, नीता कोपरगांवकर, दीपाली कराडपेठे, सरोज पारासिया, प्रशंसा परमार आदि उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन सूर्यभानसिंह सोलंकी ने किया। आभार वंदना व्यास मैडम ने माना।

# देवशयनी एकादशी पर जटाशंकर में रही श्रद्धालुओं की भीड़



**बागली।** शनिवार को वर्ष की बड़ी देव शयनी एकादशी मनाई गई इस दौरान राधा कृष्ण मंदिरों के साथ-साथ बागली जटाशंकर तीर्थ स्थल पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ रही कुछ श्रद्धालु बोले यहां आकर भगवान शंकर का अभिषेक भी किया पंडित मुकेश शर्मा ने बताया कि अ विरल जल धारा से वर्ष भर अभिषेक होने वाले भगवान जटाशंकर स्थल पर पूरे श्रावण मास पार्थिव शिवलिंग पूजन संपन्न होगा महंत बद्री दास महाराज ने बताया कि देवशयन एकादशी पर भगवान को फरियाली खिचड़ी का भोग लगाया गया एवं यही प्रसादी के रूप में श्रद्धालुओं को भी वितरित की गई। श्रद्धालुओं के रूप में हॉस्टल अधीक्षिका शशि कला शिवनारायण योगी ने बताया कि जटाशंकर तीर्थ स्थान पर आने से मन को शांति मिलती है बारिश के दिनों में यहां की सुंदरता और अधिक बढ़ जाती है।

# विश्वजीत सिंह चौहान ने जंतर मंतर पर चल रहे हैं आंदोलन में भाग लिया







**देवास।** जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान ने दिल्ली स्थित जंतर मंतर पर चल रहे छात्रों के आंदोलन में भाग लेकर उनकी मांगों का समर्थन किया, साथ ही राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी के नेतृत्व में निकल गए मार्च में भाग लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि स्थल पर पहुंच कर शहीद बच्चो को श्रद्धांजलि अर्पित कर श्री चौहान ने युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब, सेवा दल के अध्यक्ष बी वी निवास, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी मनीष शर्मा से भेंट कर संगठनात्मक चर्चा की साथ ही युवा कांग्रेस के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह, धर्मेंद्र प्रधान का पिंड दान किया गया जिसमें भाग लिया। इसी के साथ विश्वजीत चौहान ने धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि यह छात्रों की एवं राहुल गांधी के प्रयासों की जीत है साथ ही सरकार ने जो छात्रों से वादा किया है वह भी समय से पूरा करें सभी छात्रों पर दर्ज मुकदमे वापस हो एवं मृत छात्रों को एक-एक करोड़ की सहायता राशि शीघ्र दी जाए।

**एक नजर** नशा मुक्ति अभियान को लेकर देवास जिला पिट्ठू संघ एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने सयुक्त रूप से किया आयोजन

# जिला स्तरीय पिट्ठू प्रतियोगिता का सफल आयोजन, विजेताओं को मेडल एवं ट्रॉफी से किया सम्मानित

**देवास। देवास श्रीमंत तुकोजीराव पवार स्टेडियम, देवास में शनिवार को जिला स्तरीय पिट्ठू प्रतियोगिता का भव्य आयोजन नशे से दूरी है जरूरी अभियान 2.0 को ले कर किया गया। उक्त आयोजन का सुभारम्भ देवास जिला पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद, जिला खेल अधिकारी भारती नेक्या, खेल विभाग से जावेद पठान के मुख्य आतिथ्य मे संपन्न हुआ।**

देवास जिला पिट्ठू संघ के सचिव विवेक वंजरे ने बताया कि प्रतियोगिता में देवास जिले के विभिन्न विद्यालयों के अंडर-11,



अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता में स्कॉलर्स एकेडमी, चामुंडा इंटरनेशनल पब्लिक हाई सेकेंडरी स्कूल, डेल्टा पब्लिक हाई सेकेंडरी स्कूल,



चिल्ड्रन्स पैराडाइज स्कूल, महाकाल स्कूल, स्वामी विवेकानंद विद्यालय टोंकखुर्द, न्यू चिल्ड्रन होम, योगिता बाल मंदिर एवं लीजेंड कॉन्वेंट हाई स्कूल सहित जिले के विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के समापन पर सभी विजेता खिलाड़ियों को एशियन कराते जज प्रवीण ढोबले, जिला पिट्ठू संघ अध्यक्ष कपिल व्यास, उपाध्यक्ष रितु व्यास, मंगलम एंटरप्राइजेज यश बंजारे सह सचिव करिश्मा सोलंकी निहारिका देशमुख, सुमित सर, विद्या मेडम ने मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया।

प्रतियोगिता के सफल आयोजन में निर्णायक राहुल भिलाला, रोशनी चौधरी, दर्शन , कुलदीप बरेठा, अक्षत जाधव, केयर टेटवाल एवं फैजान ने अपनी सेवाएँ प्रदान कीं। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार कोषाध्यक्ष शिव प्रजापत ने किया।